उत्तर प्रदेश सरकार
उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड
19 सी, तुलसी गंगा कॉम्पलेक्स, विधानसभा मार्ग,
लखनऊ, उत्तर प्रदेश–226001

सूचना / विज्ञप्ति

उप निरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती–2025

दिनांक 14 तथा 15 मार्च, 2026 को आयोजित लिखित परीक्षा की अन्तिम उत्तर कुंजी का प्रकाशन ।

संख्या–पीआरपीबी–बी(उप निरीक्षक संवर्ग)–03 / 2025 दिनांकः मई 07 ,2026

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा उप निरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती–2025 की दिनांक 14 तथा 15 मार्च, 2026 को सम्पन्न लिखित परीक्षा के सभी 04 पालियों के प्रश्न पत्रों तथा उत्तर कुंजी बोर्ड की वेबसाइट https://uppbpb.gov.in/ पर दिनांक 23.03.2026 से 26.03.2026 तक प्रदर्शित करते हुये अभ्यर्थियों से साक्ष्यधारित आपत्तियॉ आमंत्रित की गयी थी।

2– अभ्यर्थियों से प्राप्त आपत्तियों पर विषय विशेषज्ञों द्वारा परीक्षण किये जाने के उपरान्त समस्त 04 पालियों के कुल 20 प्रश्नों के सम्बन्ध में आपत्तियॉ उचित पायी गयी है, जिसको सक्षम स्तर पर विचार करते हुये निम्नानुसार निर्णय लिया गयाः–

i. 08 प्रश्नों / उत्तर विकल्पों के त्रुटिपूर्ण होने के कारण प्रश्नों को निरस्त किये जाने का निर्णय लिया गया है तथा निरस्त प्रश्नों के लिये आवंटित अंकों का वितरण अभ्यर्थियों को मा0 उच्च न्यायालय, इलाहाबाद में रिट याचिका संख्या–2669(एम0बी0) / 2009 पवन कुमार अग्रहरि बनाम उ0प्र0 लोक सेवा आयोग में स्वीकृत व्यवस्था के अनुसार किया जायेगा।

ii. 08 प्रश्नों के एक से अधिक विकल्प सही है। इस सम्बन्ध में निर्णय लिया गया है कि यदि अभ्यर्थी द्वारा सही विकल्पों में से किसी एक विकल्प को भरा गया है तो उसे सही उत्तर के लिए निर्धारित अंक प्रदान किया जायेगा।

iii. 04 प्रश्नों के उत्तर विकल्पों में परिवर्तन किया गया है।

3– अभ्यर्थियों को बोर्ड की वेबसाइट https://uppbpb.gov.in/ पर उपलब्ध लिंक पर जाकर अपना अनुक्रमांक, जन्म तिथि व प्रश्न पुस्तिका क्रमांक की सहायता से लॉगिन करना होगा, जिसमें प्रत्येक अभ्यर्थी अपनी अन्तिम उत्तर कुंजी दिनांक 14.05.2026 तक देख सकेगें।

4— उपरोक्त भर्ती प्रक्रिया के अर्न्तगत निर्गत की जा रही उत्तर कुॅजी अन्तिम है। इसके पश्चात प्रश्नों एवं उनके उत्तर विकल्पों तथा उत्तर कुंजी पर किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति स्वीकार नहीं की जायेगी, न ही उस पर कोई विचार किया जायेगा।

5— चयन के अगले प्रक्रम (डीवी/पीएसटी) हेतु उपयुक्त अभ्यर्थियों की सूची तथा तिथि शीघ्र ही बोर्ड की वेबसाइट http://uppbpb.gov.in पर प्रकशित की जायेगी।

6— यद्यपि इस सूचना को वेबसाइट पर अपलोड किये जाने में पर्याप्त सावधानी बरती गयी है, फिर भी किसी प्रकार की तकनीकी त्रुटि के लिये बोर्ड उत्तरदायी नहीं होगा और न ही त्रुटि पाये जाने पर त्रुटिपूर्ण अंकन का किसी को किसी प्रकार का लाभ या अधिकार प्राप्त होगा या अनुमन्य होगा। ऐसे किसी प्रकरण के संज्ञान में आने पर बोर्ड का निर्णय अंतिम होगा।

(सत्यार्थ अनिरुद्ध पंकज)
पुलिस उप महानिरीक्षक/अपर सचिव, भर्ती,
उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड,
लखनऊ।